# UP Board Solutions for Class 8 Hindi Chapter 24 सरोजिनी नायडू (महान व्यक्तित्व)

**अभ्यास-प्रश्न**

**प्रश्न 1.**
सरोजिनी नायडू अखिल भारतीय महिला परिषद् की सदस्य क्यों बनी?
**उत्तर :**
सरोजिनी नायडू नारी विकास को ध्यान में रखकर महिला परिषद् की सदस्य बनीं।

**प्रश्न 2.**
युवावर्ग के प्रति सरोजिनी नायडू का क्या विश्वास था?
**उत्तर :**
युवावर्ग के प्रति सरोजिनी नायडू का विश्वास था कि सुदृढ़, सुयोग्य युवा पीढ़ी राष्ट्र की अमूल्य निधि है।

**प्रश्न 4.**
राजनीति में आने के बाद सरोजिनी नायडू ने किन-किन पदों पर कार्य किया?
**उत्तर :**
राजनीति में आने के बाद सरोजिनी ने कई पदों पर कार्य किया। वे सन् 1925 ई० में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की अध्यक्ष चुनी गईं। उन्होंने गांधी जी की दाण्डी यात्रा और 1942 के भारत छोड़ो आन्दोलन में भाग लिया। भारत के स्वतन्त्र होने पर वे. उत्तर प्रदेश की राज्यपाल बनीं।

**प्रश्न 5.**
सरोजिनी नायडू किस प्रदेश की राज्यपाल थीं?
**उत्तर :**
सरोजिनी नायडू उत्तर प्रदेश की राज्यपाल थीं।

**प्रश्न 6.**
सही वाक्य के सामने सही **(✓)** तथा गलत वाक्य के सामने गलत **(✗)** का निशान लगाइए (निशान लगाकर)
**(क)** सरोजिनी नायडू बचपन से ही कविताएँ लिखने में रुचि रखती थीं। **(✓)**
**(ख)** सरोजिनी नायडू का ज्यादातर समय धार्मिक कार्यों में व्यतीत होता था। **(✗)**
**(ग)** सरोजिनी नायडू अद्भुत वक्ता थीं। **(✓)**
**(घ)** सरोजिनी नायडू का विचार था कि शिक्षित नारी अपने परिवार एवं समाज को बेहतर बना सकती है। **(✓)**

**प्रश्न 7.**
उचित शब्द चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए (दिए शब्दों से पूर्ति करके) (एडमण्ड गॉस, रूढ़ियों, परम्पराओं, रीतिरिवाजों, मन्त्रमुग्ध)
**(क)** प्रसिद्ध साहित्यकार एडमण्ड गॉस ने सरोजिनी नायडू को भारतीय समाज व संस्कृति को ध्यान में रखकर कविता लिखने का सुझाव दिया।

**(ख)** उनका कहना था कि देश की उन्नति के लिए रूढ़ियों, परम्पराओं और रीति-रिवाजों के बोझ को उतार फेंकना होगा।
**(ग)** वे जब बोलना शुरू करतीं तो लोग उन्हें मन्त्रमुग्ध होकर सुनते थे।

**प्रश्न 8.**
सरोजिनी नायडू के व्यक्तित्व में आपके विचार से कौन सी विशेषताएँ थीं।
**उत्तर :**
सरोजिनी नायडू के व्यक्तित्व में निम्न विशेषताएँ हैं- कवयित्री, गायिका, देशभक्त, मधुरभाषी, कुशल राजनीतिज्ञ और समाज सुधारक।

https://www.evidyarthi.in/